इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 26 अप्रैल 2026

वर्ष 18 अंक 232 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12+4

मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।
-सुभाष चन्द्र बोस

तापमान - अधिकतम 42.9°C (+3.8) न्यूनतम 25.0°C(+2.8) सेंसेक्स 76,664.21 (-999.79) निफ्टी 23,897.95 (-275.10) सोना 1,54,190 चांदी 2,60,000 मुद्रा - डालर 94.07 दिरहम 25.61 रियाल 24.08

विश्व मलेरिया दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

एराज मेडिकल कॉलेज

लखनऊ (सं)। विश्व मलेरिया दिवस 2026 के अवसर पर एराज लखनऊ मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर मलेरिया उन्मूलन का संदेश दिया गया। 'मलेरिया को खत्म करने का संकल्पः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा।' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने एमएससी मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने मलेरिया के संक्रमण, मादा एनोफिलीज मच्छर की भूमिका, रोग की पहचान, उपचार और बचाव के उपायों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा बनाई गई थीम आधारित रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक प्रो. जमाल मसूद ने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए समय पर जांच, मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था व सामुदायिक जागरुकता बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां समाज में स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सारा हसन के संयोजन में किया गया, जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता खरे के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। अंत में पोस्टरों का मूल्यांकन वैज्ञानिक सटीकता, रचनात्मकता और संदेश की स्पष्टता के आधार पर किया गया तथा विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने मलेरिया के प्रति जागरुकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया।